# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2021 (ANNUAL)

## Model Set

Sl. Code - 122

## SANSKRIT (OPT)

## संस्कृत (ऐच्छिक)

समयः 3 घंटे 15 मिनट | पूर्णांक–100

Time : 3 Hrs. 15 Minutes | Full Marks : 100

कुल प्रश्नों की संख्या – 100 + 5 = 105

Total No. of Questions – 100 + 5 = 105

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न–पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में विभक्त है, खण्ड–'अ' एवं खण्ड–'ब'।
5. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर उपलब्ध कराए गए OMR–शीट (उत्तर पत्रक) में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरकर दें। 50 से ज्यादा प्रश्नों के उत्तर दिए जाने की स्थिति में प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
6. खण्ड–ब में कुल 5 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।
7. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक–यंत्र का उपयोग पूर्णतया वर्जित है।



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR–शीट पर चिह्नित करें – 50x1=50

1. कोई भी योग्य व्यक्ति किस शासन पद्धति में सर्वोच्च स्थान पा सकता है ?

(A) राजतंत्र में (B) प्रजातंत्र में

(C) अधिनायक तंत्र में (D) निरंकुश तंत्र में

2. विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला प्रजातांत्रिक देश कौन सा है ?

(A) इंग्लैंड (B) अमेरिका

(C) भारत (D) चीन

3. प्रजातंत्र से भिन्न शासन तंत्र में भय का कारण कौन होता हैं ?

(A) सत्तासीनशासनाधिकारी (B) विपक्षी जन

(C) सामान्य जनता (D) व्यापारी वर्ग

4. 'जो सरकार जनता की, जनता के लिए तथा जनता के द्वारा बनाई जाए वही प्रजातंत्र है'' – यह कथन किसका है ?

(A) महात्मा गाँधी का (B) लाल बहादुर शास्त्री का

(C) अब्राहम लिंकन का (D) मदन मोहन मालवीय का

5. प्रजातंत्र शासन के दोष हैं –

(A) अयोग्य प्रतिनिधियों का चयन (B) अत्यधिक व्यय–साध्य

(C) अचिरस्थायी (D) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

6. 'नीतिशतक' ग्रंथ के रचनाकार है ?

(A) चाणक्य (B) विदुर

(C) भर्तृहरि (D) नामदेव

7. आचार्य क्षेमेन्द्र कहाँ के निवासी थे ?

(A) पाटलिपुत्र के (B) नालंदा के

(C) कश्मीर के (D) गाँधी नगर के

8. ''विदुरनीति'' के अनुसार पुरुषों को दीप्तिमान् बनाने वाले गुणों की संख्या कितनी है?

(A) 10 (B) 8

(C) 6 (D) 12

9. रुप का नाश कौन करता है ?

(A) बुढ़ापा (B) जवानी

(C) बाल्यावस्था (D) शैशवकाल

10. मेढ़क ने अपनी सफलता का श्रेय किसे दिया ?

(A) एकाग्रता को (B) स्मृति–भ्रंश को

(C) लोभ को (D) क्रोध को

11. 'व्रणघातिनी वनस्पति ओषधि'' किसे कहा गया है ?

(A) हल्दी (B) आँवला

(C) बेल (D) अदरक

12. ''पर्णत्रयमयी'' किसे कहा गया है ?

(A) आँवला (B) बेल



BiharboardQuestionpaper.com

(C) हल्दी (D) एलोवेरा

13. 'अमरकोश' किसकी रचना है ?

(A) शक्ति सिंह (B) अमर सिंह

(C) संग्राम सिंह (D) भैरव सिंह

14. संस्कृत भाषा में 'ओषधि' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है ?

(A) सामान्य वनस्पति के लिए (B) विशेष वनस्पति के लिए

(C) असामान्य वनस्पति के लिए (D) इनमें से कोई नहीं

15. सामाजिक समरसता की अनिवार्यता का संदेश देनेवाला पाठ निम्न में कौन सा है ?

(A) वणिग्वैद्ययोः वार्तालापः (B) प्रजातन्त्रम्

(C) दिवास्वप्नः (D) विभक्तिश्लोकाः

16. किसके कष्ट से लोग वास्तविक रुप से सुखी नहीं हो सकते हैं ?

(A) समाज के (B) राजा के

(C) मन्त्री के (D) वनवासी के

17. भविष्य की असंभव कल्पना करनेवाला किसका पात्र बनता है ?

(A) उपहास का (B) सम्मान का

(C) अपेक्षा का (D) प्रशंसा का

18. विप्र के पास रखे घड़े में क्या भरा था ?

(A) रत्न (B) सत्तू

(C) धान (D) गेहूँ

19. विप्र कितनी बकरियों को खरीदने की योजना बनाता है ?

(A) 10 (B) 8



BiharboardQuestionpaper.com

(C) 2 (D) 6

20. विप्र को सोने की प्राप्ति कैसे होती है ?

(A) घोड़े को बेचकर (B) गाय को बेचकर

(C) बकरियों को बेचकर (D) हाथी को बेचकर

21. 'कल्पना हानिकारिणी' उक्ति किस पाठ से संकलित है ?

(A) दिवास्वप्नः (B) विभक्तिश्लोकाः

(C). प्रजातंत्रम् (D) सुभाषितानि

22. 'पंचतंत्र' में कितने खण्ड हैं ?

(A) 5 (B) 6

(C) 7 (D) 8

23. 'पंचतंत्र' का पहला अनुवाद किस विदेशी भाषा में हुआ ?

(A) ग्रीक (B) पहलवी

(C) अंग्रेजी (D) हिन्दी

24. बिना विचारे किए गए कार्य को करने तथा उसके परिणाम को बतानेवाला ग्रंथ निम्न में से कौन–सा है ?

(A) अपरीक्षितकारकम् (B) काकोलूकीयम्

(C) मित्र–भेद (D) मित्र संप्राप्ति

25. किस भारतीय राष्ट्रपति पर "सादा जीवन उच्च विचार" की उक्ति चरितार्थ होती है?

(A) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद (B) डॉ0 जाकिर हुसैन

(C) डॉ0 शंकर दयाल शर्मा (D) श्रीमती प्रतिभा पाटिल

26. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद ने टी0 के0 घोष एकेडमी से कौन सी परीक्षा उत्तीर्ण की?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) प्रवेशिका

(B) अन्तर्स्नातक

(C) स्नातक

(D) स्नातकोत्तर

27. वंश की ख्याति किससे होती है ?

(A) विनय से

(B) क्रोध से

(C) लोभ से

(D) दया से

28. मूर्खों का धन किसके लिए होता है ?

(A) घमंड के लिए

(B) दान के लिए

(C) रक्षा के लिए

(D) शान्ति के लिए

29. सज्जनों की शक्ति किसके लिए होती है ?

(A) रक्षा करने के लिए

(B) दुःख देने के लिए

(C) वैभव–प्रदर्शन के लिए

(D) लोभ करने के लिए

30. कौन सभी स्थानों पर नहीं पाए जाते हैं ?

(A) क्रोधीलोग

(B) लोभीजन

(C) सज्जन

(D) घमंडीलोग

31. 'विद्यालयः' का संधि–विच्छेद क्या होगा ?

(A) विद्या + लयः

(B) विद्या + आलयः

(C) विद्या + अलयः

(D) विद्याल + यः

32. 'अच् + अन्तः' की संधि क्या होगी ?

(A) अजन्तः

(B) अचन्तः

(C) आजतः

(D) अचान्तः

33. 'धर्मं चर' कौन–सी संधि है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) अनुस्वार संधि

(B) जश्त्व संधि

(C) रुत्व संधि

(D) श्चुत्व संधि

34. 'विद्यालयः' का विग्रह क्या होगा ?

(A) विद्यायाः आलयः

(B) विद्यया आलयः

(C) विद्यायाम् आलयः

(D) विद्याम् आलयः

35. 'नीलम् अम्बरं यस्य सः' का समस्त पद क्या होगा ?

(A) नीलाम्बरः

(B) निलंबरः

(C) नीलीम्बरः

(D) नीलाम्बरम्

36. द्वन्द्व समास का उदाहरण निम्न में कौन सा है ?

(A) पितरौ

(B) प्रतिदिनम्

(C) दशाननः

(D) लम्बोदरः

37. 'उपगंगम्' में कौन समास प्रयुक्त है ?

(A) तत्पुरुष समास

(B) अव्ययीभाव समास

(C) कर्मधारय समास

(D) द्वन्द्व समास

38. 'भीत्रार्थानां भयहेतुः' सूत्र का उदाहरण है –

(A) चौराद् बिभेति

(B) पापात् विरमति

(C) जटाभिः तापसः

(D) रामाय नमः

39. 'कर्मकारक' विधायक सूत्र है –

(A) स्पृहेरीप्सितः

(B) कर्तरि प्रथमा

(C) कर्तुरीप्सिततमं कर्म

(D) षष्ठी शेषे

40. .......... रोचते भक्तिः। वाक्य के रिक्त स्थान में कौन–सा पद होगा ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) हरिम्

(B) हरये

(C) हरेः

(D) हरौ

41. 'येनाङ्गविकारः' सूत्र है –

(A) कर्मकारक का

(B) करणकारक का

(C) संप्रदानकारक का

(D) अपादानकारक का

42. 'मालायाम्' में कौन सी विभक्ति है ?

(A) चतुर्थी

(B) प्रथमा

(C) सप्तमी

(D) पंचमी

43. 'स्वस्ति' का अर्थ क्या होता है ?

(A) कल्याण

(B) बुराई

(C) लोभ

(D) क्रोध

44. 'अतीव' में किस उपसर्ग का प्रयोग किया गया है ?

(A) अती

(B) अति

(C) अत

(D) इनमें से कोई नहीं

45. 'प्र' उपसर्ग से कौन सा पद नहीं बना है ?

(A) प्रभावः

(B) प्रदेशः

(C) प्रश्नः

(D) प्रगतिः

46. 'नी' धातु के लट् लकार प्रथम पुरुष एकवचन का रुप कौन है ?

(A) नयति

(B) अनयत्

(C) नयतु

(D) अनयताम्

47. 'ज्ञास्यति' किस लकार का रुप है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) लट्		(B) लोट्

(C) लृट्		(D) विधिलिंग

48. 'चोरयति' किस धातु का रुप है ?

(A) चुर्		(B) चोर

(C) चौर		(D) चर्

49. 'राजा' इस पद में कौन–सी विभक्ति है ?

(A) द्वितीया		(B) तृतीया

(C) प्रथमा		(D) सप्तमी

50. 'रमासु' इस पद का मूलरुप क्या है?

(A) रम		(B) रमा

(C) रमास		(D) रमि

51. 'भवत्' (पुल्लिंग) शब्द का षष्ठी बहुवचन रुप क्या होगा?

(A) भवतीनाम्		(B) भवताम्

(C) भवन्तः		(D) भवन्ति

52. 'एतेषु' किस सर्वनाम शब्द का रुप है ?

(A) इदम्		(B) एतत्

(C) तत्		(D) यत्

53. 'पा + क्तवतु' से कौन सा रुप बनेगा ?

(A) पातवान्		(B) पीतवान्

(C) पतवान्		(D) पतवतु

54. 'कृ + ण्यत्' से कौन सा रुप बनेगा ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) कर्यः

(B) कार्यः

(C) काया

(D) काय

55. 'गुण + मतुप्' से कौन सा शब्द बनेगा ?

(A) गुणवत्

(B) गुणवत्ता

(C) गुणमान्

(D) गुणिनी

56. 'सर्वदा' अव्यय का प्रकृति प्रत्यय है –

(A) सर्व + दा

(B) स + वदा

(C) सर्वद + आ

(D) सर्व + दआ

57. 'धर्म + ठक्' से कौन सा पद बनेगा ?

(A) धर्मक

(B) धर्मठक्

(C) धार्मिकः

(D) धर्मठाक्

58. 'नारी' में कौन सा स्त्री–प्रत्यय है ?

(A) टाप्

(B) चाप्

(C) डाप्

(D) ङीन्

59. 'अश्व + टाप्' से कौन सा रुप निष्पन्न होगा ?

(A) अश्वा

(B) अशवी

(C) अश्टाप्

(D) अश्वी

60. 'त्रिलोकी' में कौन सा स्त्री प्रत्यय प्रयुक्त है ?

(A) चाप्

(B) ङीप्

(C) टाप्

(D) ङीष्

61. क्या मनुष्य को सही रास्ते पर ले जाती है ?

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com

(A) नीति

(B) अनीति

(C) कुरीति

(D) अवनति

62. सर्वाधिक श्रेष्ठ शासन–पद्धति निम्न में कौन–सा है ?

(A) प्रजातंत्र

(B) राजतंत्र

(C) निरंकुश तंत्र

(D) अधिनायक तंत्र

63. मनुष्य का महान् शत्रु कौन है ?

(A) आलस्य

(B) क्षमा

(C) दया

(D) शान्ति

64. क्रोध का नाश किससे होता है ?

(A) क्षमा से

(B) लोभ से

(C) मोह से

(D) दया से

65. 'स्तम्भारोहण–स्पर्धा' किसके बीच हुई ?

(A) मेढ़कों के बीच

(B) कौओं के बीच

(C) सिंहों के बीच

(D) हिरणों के बीच

66. वनस्पतियों से दवा बनाने का कार्य किसका था ?

(A) वैद्यों का

(B) यांत्रिकों का

(C) किसानों का

(D) व्यापारियों का

67. 'दिवास्वप्नः' पाठ किस ग्रंथ से संकलित है ?

(A) हितोपदेश

(B) पंचतंत्र

(C) चाणक्यनीति–दर्पण

(D) विदुर–नीति

68. पंचतंत्र के रचनाकार कौन हैं ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) विष्णु पंडित (B) विष्णु शर्मा

(C) विष्णु कुमार (D) विष्णु सिंह

69. 'रमेश किसका पुत्र है ?

(A) भानु का (B) रवि का

(C) कृशानु का (D) ज्ञानु का

70. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद कहाँ के निवासी थे ?

(A) बिहार के (B) बंगाल के

(C) उड़ीसा के (D) नागपुर के

71. दुष्टों की शक्ति का प्रयोग किसके लिए होता है ?

(A) दूसरों को पीड़ा पहुँचाने के लिए (B) दूसरों को शान्ति देने हेतु

(C) दूसरों का कल्याण करने हेतु (D) दूसरों को सुख देने के लिए

72. क्रोध से किसकी उत्पत्ति होती है ?

(A) मोह की (B) दया की

(C) लोभ की (D) अज्ञान की

73. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद कितनी बार भारत के राष्ट्रपति बने ?

(A) दो बार (B) चार बार

(C) तीन बार (D) सात बार

74. 'शरीर' का पता किससे चलता है ?

(A) भोजन से (B) लोभ से

(C) दवा से (D) क्रोध से

75. विद्या किसे प्राप्त नहीं होती ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) आलसी को (B) क्रोधी को

(C) लोभी को (D) ज्ञानी को

76. सभी वनों में प्रायः कौन सा वृक्ष नहीं मिलता है ?

(A) चन्दन (B) जामुन

(C) आम (D) अमरुद

77. किसका कोई मित्र नहीं होता है ?

(A) निर्धन का (B) धनी का

(C) विद्वान का (D) चोर का

78. देव किसकी सहायता करते हैं ?

(A) आलसी की (B) उद्यमी की

(C) क्षुद्रबुद्धि वालों की (D) लोभी की

79. 'नानारोगप्रणाशिनी' किसे कहा गया है ?

(A) एलोवेरा को (B) तुलसी को

(C) हल्दी को (D) अदरक को

80. 'अवसीदति' इस पद का अर्थ निम्न में कौन सा है ?

(A) दुःखी होता है। (B) प्रसन्न होता है।

(C) कार्य करता है। (D) नकल करता है।

81. 'दिगम्बरः' का संधि–विच्छेद क्या होगा ?

(A) दिक् + अम्बरः (B) दिग् + बरः

(C) दिगम् + बरः (D) दिक् + बरम्

82. 'निः + रजः' की संधि–क्या होगी ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) निरजः (B) नारजः

(C) नीरजः (D) नरजः

83. 'दानवीरः' का विग्रह क्या होगा ?

(A) दाने वीरः (B) दानम् वीरः

(C) दान वीरः (D) दानाय वीरः

84. 'पाणी च पादौ च तेषां समाहारः' का समस्त पद क्या होगा ?

(A) पाणिपादम् (B) पाणिपद

(C) पाणीपाद (D) पाणिपदः

85. तत्पुरुष समास का उदाहरण निम्न में कौन सा है ?

(A) वृक्षपतितः (B) पीताम्बरः

(C) पितरौ (D) अनर्थः

86. 'इत्थम्भूतलक्षणे' सूत्र का उदाहरण वाक्य निम्न में कौन सा है ?

(A) सः वस्त्रेण सज्जनः प्रतीयते। (B) सः व्याघ्रात् बिभेति।

(C) बालकाय मोदकं रोचते। (D) वृक्षात् पत्राणि पतन्ति।

87. 'क्रोशं कुटिला नदी।' वाक्य में 'क्रोशं' पद में द्वितीया विभक्ति विधायक सूत्र निम्न में कौन सा है ?

(A) क्रियाविशेषणे

(B) कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे द्वितीया

(C) अधिशीङ्स्थासां कर्म

(D) उभयतः परितः सर्वतः समयानिकषाधिक् योगे द्वितीया

88. 'आत्मनि' इस पद में कौन सी विभक्ति प्रयुक्त हुई है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) प्रथमा (B) सप्तमी

(C) षष्ठी (D) द्वितीया

89. 'राजन्' शब्द का सप्तमी बहुवचन रुप क्या होगा ?

(A) राजसु (B) राजेषु

(C) राजासु (D) राजाषु

90. 'अपमानः' इस पद में प्रयुक्त उपसर्ग कौन सा है ?

(A) अप (B) उप

(C) अव (D) अति

91. 'म्' वर्ण का उच्चारण स्थान क्या होगा?

(A) कण्ठ (B) तालु

(C) मूर्धा (D) ओष्ठ

92. 'पा' धातु का लट्लकार प्रथम पुरुष एकवचन में क्या रुप होगा?

(A) पिबति (B) पाति

(C) पिति (D) पाययति

93. 'गच्छतु' किस लकार का रुप है ?

(A) लट् (B) लोट्

(C) लङ् (D) लृट्

94. 'राघवः' इस पद में कौन सा तद्धित प्रत्यय प्रयुक्त है ?

(A) अण् (B) तल्

(C) त्व (D) ठक्

95. 'गम् + क्तिन्' से निर्मित पद निम्न में कौन सा है ?

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

(A) गतिः (B) गतः

(C) गीतः (D) गीतिः

96. 'श्रवणम्' में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

(A) ठक् (B) ल्युट्

(C) यत् (D) घञ्

97. 'सेवमानः' में किस प्रत्यय का प्रयोग किया गया है ?

(A) शानच् (B) शतृ

(C) घञ् (D) क्त

98. 'गौरी' पद में कौन सा स्त्री प्रत्यय प्रयुक्त है ?

(A) टाप् (B) ङीष्

(C) ङीप् (D) ङीन्

99. 'विद्वस् + ङीप्' से कौन सा पद बनेगा ?

(A) विदूषा (B) विदुषी

(C) विद्वासी (D) विद्वषी

100. 'स्थितवती' इस पद में कौन सी धातु प्रयुक्त है ?

(A) स्था (B) स्थित्

(C) स्थिती (D) स्थितवत्

**खण्ड – ब**

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

1. अधोलिखित प्रश्नों में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (2x8=16)



BiharboardQuestionpaper.com

क. क्रोध किसका जनक है ?

ख. दैवीय सहायता पाने की अर्हता कब होती है?

ग. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद को बिहार–गौरव क्यों कहा जाता है ?

घ. डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद का हमारे संविधान निर्माण में क्या योगदान है ?

ङ. विष्णुशर्मा ने पंचतंत्र की रचना क्यों की ?

च. रमेश प्रबन्धन की शिक्षा कहाँ प्राप्त कर रहा था?

छ. 'वणिग्वैद्ययोः वार्तालापः' पाठ से क्या संदेश प्राप्त होता है?

ज. आँवला का क्या उपयोग है ?

झ. 'घृतकुमारी' के गुणों पर प्रकाश डालें।

ञ. मानव जीवन के लिए वनस्पति क्यों आवश्यक है ?

ट. अल्पकाय मण्डूक का उत्साह–भंग करने के लिए अन्य मण्डूकों ने क्या किया ?

ठ. यह धरती किससे भरी हुई है ?

ड. यौवन (रुप) का नाशक कौन है ?

ढ़ प्रजा के प्रतिनिधि क्या करते हैं ?

ण. केन्द्र में संसद और राज्यों में विधानसभा किसका प्रतिनिधित्व करते हैं ?

त. प्रजातांत्रिक शासन–व्यवस्था के गुण दोषों पर टिप्पणी करें।

2. अधोलिखित गद्यांशों को पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर दें।

(अ) महाभारते व्यासः धर्मम् शाश्वतम् अकथयत्–अतः नरेण लोभवशात् भयवशात् च धर्मस्य परित्यागः कदापि न करणीयः। महाभारतं वस्तुतः कौरव–पाण्डवयोः युद्धस्य वर्णनमेव चित्रयति। प्रत्येकं वीरस्य वीरगाथां कथारुपेण वर्णयति। योगिराजः कृष्णस्य सारथित्वे अर्जुनः एकाकी एव अनेकान् जयति। युद्धे पात्रयोः संवादः यदा–कदा उपाख्यानं भवति। महाभारतस्य एकः अंशः गीतानाम्ना विश्वे प्रसिद्धः। अस्याः अनुवादः विश्वस्य सर्वासु भाषासु विद्वद्भिः कृतः इत्यपि श्रूयते।

(i) एकपदेन उत्तरत – (2x1=2)



BiharboardQuestionpaper.com

क. धर्मः कीदृशः कथ्यते ?

ख. 'गीता' कस्य ग्रन्थस्य अंशः अस्ति ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत – (2x2=4)

क. महाभारतम् किम् चित्रयति ?

ख. नरेण कस्य परित्यागः कदापि न करणीयः ?

(iii) अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं लिखत। (1)

***अथवा***

एकस्मिन् ग्रामे एकः व्याधः वसति स्म। तस्य नाम भैरवः आसीत्। सः जीविकार्थम् पशून् हत्वा नगरे विक्रीणाति स्म। एकदा सः आखेटाय वनम् अगच्छत्। तत्र तेन एकः मृगः दृष्टः। सः तं मृगम् अमारयत् तं च नीत्वा गृहं प्रति अचलत्। तदैव सः मार्गे एकं सिंहम् अपश्यत्। तं सिंहं दृष्ट्वा सः अचिन्तयत् 'यदि एषः सिंहः अपि प्राप्तः भवेत् तर्हि अहं प्रभूतं धनं प्राप्स्यामि।' अनेन लोभेन यावत् सः सिंहं प्रति शरम् अक्षिपत् तावत् एव सिंहः अपि व्याधम् आक्राम्यत्। सः व्याधः च तदा पंचत्वं गतः।

(i) एकपदेन उत्तरत – (2x1=2)

क. व्याधः कुत्र वसति स्म ?

ख. व्याधस्य किं नाम आसीत् ?

(ii) पूर्णवाक्येन उत्तरत – (2x2=4)

क. सिंहं दृष्ट्वा व्याधः किम् अचिन्तयत् ?

ख. अन्ते किम् अभवत् ?

(iii) अस्य गद्यांशस्य एकं समुचितं शीर्षकं ददातु। (1)



BiharboardQuestionpaper.com

***ब.*** शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्। शरीरं स्वस्थं भवेत् इति यथाविधि प्रतिदिनं व्यायामः करणीयः। यः व्यायामं करोति सः आपत्काले साहसं न त्यजति, सः अपूर्व–प्राणशक्त्या आपदं दूरीकरोति। व्यायामेन रक्तसंचारः सम्यक् भवति। इन्द्रियाणि स्वस्थानि भवन्ति। जठराग्निः दीप्तः भवति। कार्ये कुशलता जायते। उदरं न परिवर्धते। परिवृद्धम् उदरं संकोचं गच्छति। उरसि शक्तिः स्फूर्तिः च वर्धेते। स्कन्धद्वयं जङ्घाद्वयं च पोषं प्राप्नुतः। चक्षुः मस्तिष्कम् च उर्वरं भवति।

(i) एकपदेन उत्तरत – (2x1=2)

क. रक्तसंचारः केन सम्यक् भवति ?

ख. कानि स्वस्थानि भवन्ति ?

(ii) एकवाक्येन उत्तरत – (2x2=4)

क. व्यायामः किमर्थं करणीयः ?

ख. किं खलु धर्मसाधनम् ?

***अथवा***

श्रीमदनमोहनमालवीयस्य जन्म प्रयागेऽभवत्। अस्य पिता श्री ब्रजनाथः संस्कृतविद्वान् आसीत्। प्रयागे 'बी0 ए0' परीक्षामुत्तीर्य मदनमोहनः अध्यापकः अभवत्। पश्चात् सः पत्रस्य सम्पादकः अभवत्। संभाषणे सः अतिपटुः आसीत्। कालान्तरे सः स्वतंत्रता–संग्रामे कारावासं प्राप्तवान्। राजनीतौ सः प्रसिद्धः आसीत्। शिक्षायामपि सः पारंगतोऽभवत्। वाराणस्यां सः हिन्दुविश्वविद्यालयस्य स्थापनामकरोत्। अस्य संचालनाय सः कोटिशः रुप्यकाणि संगृहीतवान्। सः जनेषु 'महामना' इति ख्यातः।

(i) एकपदेन उत्तरत – (2x1=2)

क. श्रीमदनमोहनमालवीयस्य जन्म कुत्र अभवत् ?

ख. मालवीयः जनेषु केन नाम्ना ख्यातः अस्ति ?



BiharboardQuestionpaper.com

(ii) एकवाक्येन उत्तरत – (2x2=4)

क. मदनमोहनमालवीयः वाराणस्यां किम् अकरोत् ?

ख. मदनमोहनमालवीयः कदा अध्यापकः अभवत् ?

3. अधोलिखित में से किसी एक विषय पर संस्कृत में सात वाक्यों में अनुच्छेद लिखिए। (7)

क. गंगानदी

ख. दीपावली

ग. आदर्शग्रामः

घ. पुस्तकालयः

ङ. विद्यायाः महत्त्वम्

4. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें। (4x2=8)

(i). शुल्क माफ करने हेतु प्राचार्य के पास संस्कृत में एक आवेदन पत्र लिखें।

(ii) अपने मित्र के पास संस्कृत में एक पत्र लिखें जिसमें अपने पिता की पदोन्नति की चर्चा हो।

(iii) विद्यालय–प्रवेश के प्रथम दिवस के अनुभवों को बताते हुए एक पत्र संस्कृत में लिखे जो अपने मित्र को संबोधित हो।

(iv) बालिका–शिक्षा का महत्त्व बताते हुए अपनी माँ के पास संस्कृत में एक पत्र लिखें।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं छः वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए – (1x6=6)

क. यह नदी कोश भर टेढ़ी है।

ख. राम के साथ सीता वन गयी।

ग. लड़के विद्यालय पढ़ने जाते हैं।

घ. उसने एक मास तक व्याकरण पढ़ा।

ङ. गंगा हिमालय से निकलती है।



BiharboardQuestionpaper.com

च. नेता पद चाहते हैं।

छ. राम ने वशिष्ठ से विद्या पढ़ी।

ज. विभा स्वभाव से सरल है।

झ. रोते हुए बालक को छोड़कर माता चली गयी।

ञ. गणेश दरिद्र को धन देता है।

ट. वह गाँव की ओर जाता है।

ठ. संतोष के बिना शान्ति नहीं होती है।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..